हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 30 जून 2026



# लिमिट समाप्त: किसानों को मिलेगा भरपूर यूरिया, डीएपी संकट बरकरार

## डीजल के दामों में इजाफा से खेती महंगी, किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य के किसानों के हित में फैसला लेते खरीफ सीजन में रासायनिक खादों की आपूर्ति को लेकर नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब तक एकड़ अनुसार वितरण के निर्देश थे, लेकिन अब किसानों को जरूरत के अनुसार यूरिया का वितरण किया जाएगा। डीएपी को लेकर अब भी संकट बरकरार है। हालांकि हाल ही में कुछ स्टॉक डीएपी का जिले के लिए आबंटित हुआ है। इधर किसानों का कहना है कि जरूरत के अनुसार डीएपी खाद नहीं मिल रही है। आंकड़ों के अनुसार राजनांदगांव, कवर्धा, एमएमसी और केसीजी जिले में मांग के मुकाबले लगभग 54 फीसदी खाद का वितरण कर लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार राज्य के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार अब किसानों को यूरिया की उपलब्धता को लेकर किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। शासन ने यूरिया की वर्तमान में पर्याप्त उपलब्धता को देखते पूर्व में लगाए गए सभी प्रतिबंधों को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है। नए नियमों के लागू होने से अब पात्र किसानों को इस साल उतनी ही मात्रा में यूरिया प्रदान किया जाएगा, जितनी मात्रा उन्होंने पिछले खरीफ सीजन में प्राप्त की थी। इस निर्णय से प्रदेश के लाखों किसानों को खेती-किसानी के इस महत्वपूर्ण समय में बहुत बड़ी राहत मिलेगी और फसलों की बुवाई तथा देखरेख का कार्य सुचारू रूप से चल सकेगा। इधर डीजल-पेट्रोल के दामों में इजाफा होने से भी किसानों की चिंताए बढ़ गई है। खेती की लागत में इसका असर हुआ है।



### लगातार मॉनिटरिंग के निर्देश

इस खरीफ वर्ष की शुरूआत से ही जिले में खाद को लेकर संकट की खबरें सामने आई है। ऐसे में अब यूरिया को लेकर राहत मिलने के बाद जिला कलेक्टरों और कृषि विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे सहकारी समितियों का निरंतर निरीक्षण करें, ताकि किसी भी स्तर पर खाद की कमी की स्थिति उत्पन्न न हो। पिछले वर्ष इन क्षेत्रों में कुल 144793 मीट्रिक टन से अधिक खाद का वितरण हुआ था और इस बार भी नई नीतियों के कारण किसान अपनी जरूरत के हिसाब से बिना किसी परेशानी के यूरिया प्राप्त कर रहे हैं।

### केसीजी और कवर्धा में भंडारण कम

राजनांदगांव क्षेत्र में इस साल 45650 मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले 38335 मीट्रिक टन का भंडारण किया गया है। जिसमें से 29268 मीट्रिक टन का वितरण हो चुका है। इसी तरह कबीरधाम जिले में 57200 टन के विरुद्ध 36872 मीट्रिक टन का भंडारण कर 25689 मीट्रिक टन का वितरण किसानों को किया गया है। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 29500 मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले 18623 मीट्रिक टन का भंडारण व 13499 मीट्रिक टन का वितरण हो चुका है। वहीं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 16070 मीट्रिक टन के लक्ष्य के विरुद्ध 14144 मीट्रिक टन का भंडारण व 10457 मीट्रिक टन खाद किसानों को बांटी गई है।

### एनपीके और डीएपी की मांग अधिक

किसानों का कहना है कि अभी का समय बुवाई का है। अधिकांश किसान अपने खेतों में बुवाई की तैयारी में हैं। ऐसे में किसानों को इस वक्त सर्वाधिक जरूरत एनपीके और डीएपी खाद की है, लेकिन जिलेभर में इन खाद को लेकर शार्टेज देखने को मिल रहा है। किसानों को डीएपी मांग के मुकाबले बेहद कम मिल रही है। जिसके चलते किसान परेशान हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि यूरिया की मांग है, लेकिन उसका उपयोग खेती की प्रक्रिया में आगे किया जाना है। ऐसे में अभी डीएपी की व्यवस्था होना जरुरी हो गया हे।

### एकमुश्त और चरणबद्ध वितरण की सुविधा

नए शासकीय नियमों के तहत संबंधित सहकारी समितियों में उपलब्ध स्टॉक की स्थिति के आधार पर किसानों को उनकी पात्रता के अनुसार एकमुश्त या फिर आवश्यकतानुसार चरणबद्ध तरीके से यूरिया उपलब्ध कराया जाएगा। यदि किसी समिति में किसी समय यूरिया की कुछ कमी होती है तो नया स्टॉक आते ही शेष मात्रा तुरंत संबंधित किसान को प्रदान कर दी जाएगी।बैंक द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और कबीरधाम जिलों को मिलाकर कुल रासायनिक खाद के भंडारण और वितरण की पुख्ता व्यवस्था की गई है। इस पूरे क्षेत्र में गोदाम की कुल क्षमता 51200 मीट्रिक टन है। जिसके मुकाबले कुल भंडारण 104975 मीट्रिक टन तक पहुंच चुका है। शासन द्वारा इस वर्ष के लिए कुल 148420 मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसके विरुद्ध अब तक 72 प्रतिशत से अधिक भंडारण का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। वहीं वितरण की बात करें तो अब तक 78913 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है और 29062 मीट्रिक टन का शेष स्कंध समितियों में सुरक्षित है। प्रशासन के मुताबिक किसानों को समय पर खाद वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित किया जा रहा है।

# लापरवाही: बिना सुरक्षा घेरा नालों का निर्माण जारी, हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला अस्पताल के समीप डॉक्टर कॉलोनी, एसएलआरएम सेंटर सहित अन्य जगहों में जलभराव की स्थिति को देखते यहां पर नाला निर्माण कार्य किया जा रहा है। शहर के इंदिरा नगर चौक के समीप से डोंगरगांव रोड पर हो रहे नाला निर्माण कार्य की धीमी गति को लेकर लोगों में नाराजगी है।

इंदिरा नगर के समीप नाला निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार द्वारा काफी दूर तक गड्ढा किया गया है। हाईवे में किए गए इस गड्ढे की वजह से डोंगरगांव की ओर से आने वाले वाहन दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। निर्माण स्थल पर रात के समय के लिए संबंधित ठेकेदार द्वारा पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था भी नहीं की गई है। जिससे नाले का गड्ढा दूर से नजर नहीं आ रहा है। वहीं निर्माण कार्य प्रगति पर है, इसको लेकर भी कोई संकेतक नहीं लगाया गया है। किए गए गड्ढे के किनारे किसी प्रकार का खतरे का निशान, निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा और चेतावनी के लिए बांधे जाने वाले प्लास्टिक रिबन बैरिकेड टेप भी नहीं लगाया गया है।



### गुणवत्ता पर सवाल

नाला निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यहां उपयोग किया जा रहे मटेरियल, बेस का सरिया अनुबंध के अनुसार नहीं डाला जा रहा है। जिससे यह नाला कब तक टिक पाएगा, यह भी नहीं कहा जा सकता। निर्माण कार्य को देखने के लिए मौके पर इंजीनियर भी सतत निगरानी नहीं कर रहे हैं।

### हादसे से भी नहीं लिया सबक

लगभग दस माह पूर्व शहर के लखोली क्षेत्र में इसी तरह नाला निर्माण कार्य में लापरवाही, कोई संकेत का सुरक्षा घेरा नहीं होने की वजह से बाइक सवार आकाश साहू सीधे नाले में जा गिरा था। जिससे घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई थी। इस घटना के बाद भी निर्माण कार्य को लेकर संबंधित अधिकारी, इंजीनियरों और प्रशासन द्वारा सबक नहीं लिया जा रहा है। इंदिरा नगर के समीप भी किए जा रहे इस नाला निर्माण में इसी तरह की लापरवाही दिखाई दे रही है, जो कभी भी हादसे का सबक बन सकती है।

### दुर्घटना का बना खतरा

नाला निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में कभी भी वाहन चालक गिर सकते हैं। यहां पर किसी भी तरह का बेरिकेटिंग नहीं किया गया है। शुरूआत में तो गड्ढा करने के बाद कुछ भी नहीं रखा गया था, लेकिन स्थानीय लोगों के विरोध के बाद यहां पर थोड़ी-थोड़ी दूर में रेत से भरी बोरिया रखी गई है, जो रात के अंधेरे में नजर नहीं आती है। ऐसे में अगर तेज बारिश होने से नाले के लिए खोदे गए गड्ढे में जल भरा हो जाएगा और तेज रफ्तार वाहन सीधे नाले में घुस सकते हैं। थोड़े-थोड़े दूर में रखी बोरियों से दो पहिया वाहन चालक के गिरकर घायल होने का खतरा भी बना हुआ है।

## नाबालिग को बहला-फुसला कर ले गया, आरोपी गिरफ्तार

**गंडई।** एक नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने के मामले में पुलिस ने पतासाजी कर बालिका को सकुशल बरामद किया है। इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार 9 अप्रैल को थाना क्षेत्र के प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 137(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देश में थाना गंडई द्वारा नए सिरे से अपहृत बालिका की पता तलाश हेतु नए मुखबीर तैनात कर सूचना के आधार पर टीम तैयार कर जिला मुंगेली भेजा गया। टीम द्वारा 28 जून को अपहरणकर्ता आरोपी राकेश कुमार डाहिरे निवासी ग्राम झिटकनिया जिला मुंगेली के कब्जे से अपहृता को बरामद किया गया। पूछताछ पर अपहृत बालिका के साथ आरोपी द्वारा शादी का प्रलोभन देकर अपहरण कर ग्राम झिटकनिया ले जाकर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाया जाना स्वीकार करने पर प्रकरण में धारा 64(2),(एम) बीएनएस, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ा गया एवं आरोपी को न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल दाखिल करवाया गया है।

# गांव में हीरोपंती की बात पर विवाद में चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

■ पेट और हाथ में गंभीर चोंट, अस्पताल में इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गांव में हीरोपंती एवं ज्यादा बात करने की बात को लेकर पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने चाकू से हमला कर प्रार्थी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले की जांच करते आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 28 जून को थाना बसंतपुर पुलिस को मोबाइल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मोहड़ में दीपक चंद्राकर पर घनश्याम निषाद उर्फ गुनगुन द्वारा धारदार चाकू से प्राणघातक हमला किया गया है। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में भर्ती कराया गया। इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन में निरीक्षक एमन साहू, थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### गाली-गलौज भी

पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घायल दीपक चंद्राकर से पूछताछ की गई। उसने बताया कि घटना के समय वह अपने साथियों के साथ मोटर साइकिल से घर लौट रहा था। त्रिलोक ठेला के पास पहुंचने पर आरोपी घनश्याम निषाद ने रास्ता रोककर पुरानी रंजिश के चलते आज-कल बहुत बातें करता है और गांव में हीरोपंथी करता है, कहते हुए अश्लील गाली-गलौज की तथा अपने पास रखे धारदार चाकू से हत्या की नियत से उसके पेट एवं दाहिने हाथ पर वार कर गंभीर चोंट पहुंचाया। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 109 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# गांव में बिक्री के लिए बाइक में शराब ले जाते पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक में अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने की सूचना पर डोंगरगांव पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को पकड़ा। जिससे 37 पौवा देशी शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 28 जून को पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति मात्रा से अधिक शराब रखकर अपने टीव्हीएस बाइक से करियाटोला से डोंगरगांव की ओर जा रहा है। जिस पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई कर उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताए हुलिये व वाहन को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम तोरणलाल धनकर निवासी ग्राम घुपसाल का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसकी तलाशी लेने पर उसके पास अवैध रूप से शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने व बिक्री करने के संबंध में तोरणलाल धनकर से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था।

### 37 पौवा शराब बरामद

आरोपी तोरणलाल धनकर 35 वर्ष को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे 37 पौवा देशी शराब शोले कीमती 2960 रुपए एवं टीव्हीएस बाइक जब्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरगांव में धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर, डेमन चंद्राकर, चंद्रकांत सोनी, ओंकार कुर्रे की भूमिका महत्वपूर्ण रही।




## अग्रसेन भवन में आज विशेष पोलियो बूथ

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 30 जून को अग्रसेन भवन पुराना बस स्टैंड के पीछे राजनांदगांव में 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों के लिए विशेष पोलियो बूथ लगाया जाएगा।

मांय एंगल




कमर्शियल प्लाट बेचना हैं

12 डिसमिल प्लाट साइज 50×105 कुल 5250 लगभग का कमर्शियल प्लाट प्राइम लोकेशन तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग (मेन रोड) ग्राम डूंडेरा में स्थित को बेचना है।

- संपर्क करें -
7770999355
9302526909

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### कार्यकर्ताओं ने सुना पीएम का संबोधन



**अर्जुनी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया गया। मंडल भाजपा प्रभारी जागृति चुन्नी यदु ने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। कार्यक्रम पश्चात श्रीमती यदु ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम सकारात्मक सोच, राष्ट्र निर्माण, सामाजिक जिम्मेदारी के लिए प्रेरित करने का माध्यम बन गया है। इस अवसर पर भुवन साहू, सांसद प्रतिनिधि टामेश्वर साहू, दिनेश साहू, विजय जैन, दुर्गेश सिन्हा, देवलाल साहू, नागेश धनकर, कुलदीप ठाकुर, द्वारका टंडन, टीकम देवांगन, संदीप साहू, प्रभुदत्त सोनकर, संजय सोनी, पुलसिंग सोनकर सहित अन्य उपस्थित थे।

### नपं उपाध्यक्ष ने जताया आभार

**घुमका।** नगर पंचायत उपाध्यक्ष के पद पर नोहेंद्र सिन्हा की जीत के बाद रविवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा की अगुवाई में आभार रैली निकाली गई। यह रैली मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड पहुंची। यहां आयोजित सभा में किरण वर्मा, ,नपं उपाध्यक्ष नोहेंद्र सिन्हा, पार्षद इंदिरा वर्मा, शैलेन्द्र वर्मा, रूपनारायण साहू, गोविंदा यादव, रोशन वर्मा, खिलेश यादव, सुनीता वर्मा, लोकेश्वरी पात्रे, रुख्मणी वर्मा एवं संतोष गंधर्व मौजूद थे। सभी पार्षदों और उपाध्यक्ष ने नगरवासियों का आभार जताया।

### स्कूल में साइकिल का वितरण



**मुरमुंदा।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 9 वीं की बालिकाओं को प्राचार्य एवं जनप्रतिनिधियों, शाला विकास समिति के सदस्यों ने निःशुल्क साईकिल वितरित किया। साईकिल मिलने पर बालिकाओं के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। इस मौके पर प्राचार्य अनिल चौबे, सरपंच खेमचंद सोरी, शाला समिति अध्यक्ष विनमदास साहू, अजित साखरे, विनीत श्रीवास्तव, नीलिमा ढोमने, सुनीता चंद्राकर, कल्पना गणवीर, ज्योति मेश्राम, पूनम टेम्भुरकर, मेधा पुराणिक, वंदना मुदलियार, पर्निता सिंह, राधिका, संध्या साहू, प्राची, शिखा आदि उपस्थित थे।

### आयुष्मान बने युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष



**घुमका।** मंडल भाजयुमो की कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के पद पर आयुष्मान सिंह की नियुक्ति प्रांतीय अध्यक्ष राहुल योगीराज टिकरिहा के निर्देश पर मोर्चा के जिला अध्यक्ष चिंटू सोनकर की सहमति पर मंडल अध्यक्ष अक्षय पटेल ने की है। शनिवार को जारी कार्यकारिणी में कुल 45 युवाओं को शामिल किया गया है।

### किसानों को दी योजनाओं की जानकारी



**सड़क अतरिया।** सेवा सहकारी समिति कुकुरमुडा अतरिया में सोमवार को सहकारिता दिवस मनाया गया। समिति अध्यक्ष रोहित जंघेल के आतिथ्य में सहकारिता ध्वज का रोहण किया गया। सहकारिता सप्ताह के उपलक्ष्य में 20 किसानों को कृषि ऋण का चेक वितरित किया गया। इस अवसर पर रोहित जंघेल द्वारा किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर रोहित जंघेल , लोमश वैष्णव, राधेमोहन वैष्णव , रामलाल भेड़िया, युवराज, अश्वनी वैष्णव, कमलेश साहु, उनीसिंग, नकुल, आत्मा, शत्रुहन, ब्रम्हानंद, सुकलाल, पूरन, घनश्याम, डोंगर, राकेश, आनंदराम, लक्ष्मण, मुन्ना, माधो, रोहित साहू, बलदेव मरकाम, देवेन्द्र, संतराम आदि मौजूद थे।

### नेता प्रतिपक्ष पिल्ले ने किया देवी दर्शन



**डोंगरगढ़।** राजनांदगांव नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले के जन्मदिवस के अवसर पर कांग्रेस नेता विष्णु लोधी के साथ माँ बम्लेश्वरी मंदिर में पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर श्री लोधी ने श्री पिल्ले के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

### पीएम के उद्बोधन से नई ऊर्जा का संचार



**खुज्जी।** बड़गांव चारभाटा में भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता, सामूहिक जनभागीदारी की शक्ति और देश के रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने लोगों से तर्क और विज्ञान के आधार पर निर्णय लेने की अपील की तथा जनभागीदारी का महत्वः देश के विकास और राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी की ताकत की सराहना की। उन्होंने पश्चिमी एशिया में युद्ध के हालात को देखते हुए सोना नहीं खरीदने, विदेश यात्राएं टालने और कारपूल का इस्तेमाल करने की अपील की। श्री गांधी ने कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश को दिशा देने वाला मंच बन गया है। मोदी के विचार युवाओं और समाज को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। इस दौरान रामकुमार गुप्ता, दिव्यांश जैन, गौरव यदु, सरपंच ज्योति साहू, खेमू मसिया, यदु नायक, राजेंद्र, डोमन देवांगन, ननथू देवांगन, मानिक देवांगन, मंशा पिस्दा, यादव साहू, रामदयाल, देवनाथ निषाद, गंगा, पूर्णिमा, प्रीत भड़कुलिया, पुष्पा जगदल्ले, इना दामले आदि उपस्थित थे।

### छिराहीडीह में जस जुड़वास सम्मेलन 1 से

**गंडई पंडरिया।** ग्राम छिराहीडीह में दो दिवसीय देवी शीतला जुड़वास सम्मेलन का आयोजन आगामी एक जुलाई से रखा गया है। यह आयोजन का 20 वां वर्ष है। इस धार्मिक आयोजन में कृषि उपज मंडी गंडई के पूर्व अध्यक्ष संजू सिंह चंदेल का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम को भव्य रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत 1 जुलाई को कलश यात्रा एवं ज्योति प्रज्जवलन के साथ होगी। आगामी 2 जुलाई को हवन, पूजन एवं महाप्रसाद वितरण होगा। दो दिवसीय महोत्सव में ख्यातिलब्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। प्रथम दिवस 1 जुलाई को रात्रि 7 बजे से जय मां शीतला बाल धरोहर जस झांकी मंडली, मुड़माड़ुर, राजनांदगांव के कलाकारों की प्रस्तुति होगी।

# खेतों में कीटनाशक के अंधाधुंध उपयोग से लुप्त हुए कौए

## सफाई में सहायक कौओं के गायब होने से पर्यावरणविद चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पर्यावरण संतुलन के प्रहरी कहे जाने वाले कौआ अब गंडई क्षेत्र से लगभग विलुप्त हो गए हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला यह पक्षी न तो पेड़ों पर दिखाई देता है और न ही उनकी कांव-कांव सुनाई देती है। कौओं के गायब होने की घटना ने पर्यावरणविदों और नागरिकों के बीच चिंता पैदा कर दी है।

उल्लेखनीय है कि प्रकृति के सफाईकर्मी के रूप में विख्यात कौए मृत जीव-जंतुओं और सड़े-गले मांस को खाकर दुर्गंध और महामारी फैलने से रोकते हैं। इसके अलावा वह हानिकारक कीट-पतंगों का भक्षण कर फसलों को बचाने में भी सहायक होते हैं। अंचल के किसान और नागरिक बताते हैं कि पहले घरों के आसपास और खेतों में कौवों का झुंड आम था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इनकी संख्या में भारी गिरावट आई है और अब वह लगभग नदारद हो चुके हैं।

#### पनपने दें जीवों को

हिन्दू युवा मंच के अध्यक्ष विनोद यदु ने किसानों से निवेदन किया कि खेतों में कीटनाशक का उपयोग कम करें और पशु पक्षियों को पनपने का अवसर दें। वर्तमान में कौओं की संख्या कम हो गई है। संख्या इसी तरह घटते रही तो केवल कागजो में ही कौआ देखने मिलेगा।



#### कीटनाशक का उपयोग बड़ा कारण

वन विभाग के एसडीओ अमृत लाल खुटे ने बताया कि सम्भवतः फसलों की सुरक्षा के लिए डाले जाने वाले कीटनाशक कौओं के गायब होने के पीछे जिम्मेदार हो सकता है।

#### तस्वीर में ही देख पाएंगे

सवाल यह है हमारा अभिन्न हिस्सा आखिर कहां खो गया है। समय रहते कारणों का पता नहीं लगाया गया, तो आने वाली पीढ़ियां कौओं को केवल तस्वीरों में ही देख पाएंगी।

#### लोक परंपरा को झटका

लुप्त होते इस पक्षी को लेकर सांस्कृतिक मान्यताएं भी जुड़ी हैं। पितृ पक्ष के दौरान कौओं को श्राद्ध का भोग लगाने की परंपरा है, जिसे पितरों की आत्मा की शांति से जोड़कर देखा जाता है। कौओं का गायब होना न केवल एक पारिस्थितिकी संकट है, बल्कि यह हमारी लोक परंपराओं के लिए बड़ा झटका है। वर्तमान में कौओं की अनुपस्थिति कई सवाल खड़े करती है। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि इसके पीछे मोबाइल टावरों से निकलने वाला रेडिएशन, कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल और घटते पेड़ों के कारण इनके प्राकृतिक आवास का नष्ट होना प्रमुख कारण हो सकते हैं। मोबाइल टावरों से उत्सर्जित होने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक तरंगे पक्षियों की प्रजनन क्षमता पर बुरा असर डालती हैं। साथ ही बढ़ते शहरीकरण और कंक्रीट के जंगलों ने इन पक्षियों के लिए घोंसले बनाने के स्थानों को खत्म कर दिया है।

## पानी के उपयोग से ग्रामीणों ने किया परहेज

# तालाब में हजारों मछली मृत

## गांव में फैला दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

खैरबना में सोमवार को तब सनसनी फ़ैल गई जब गांव के तालाब में हजारों मछली मृत अवस्था में देखा गया। घटना के बाद डरे लोग तालाब के पानी को छूने से कतराते नजर आए।

जानकारी अनुसार सोमवार की सुबह जब ग्रामीण तालाब गए तो किनारे की स्थिति देखकर स्तब्ध रह गए। तालाब किनारे हजारों मछलियां मृत अवस्था में पड़ी थी। ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना मत्स्य विभाग को दे दिया है।

पंचायत प्रतिनिधि ने ग्रामीणों को सावधानी बरतने की हिदायत दिया। लोग ने तालाब के पानी से नहाने, और मवेशी को पानी पिलाने आदि से परहेज़ किया।



#### कारण का खुलासा नहीं

गांव के तालाब में हजारों मछलियों के मृत अवस्था में मिलने के कारण पता नहीं चला है। ग्रामीणों तरह तरह की आशंका जता रहे है। कोई तालाब में कम पानी तथा तापमान अधिक होने का कारण, तो कोई बिजली गिरने तो कोई जहरीला तत्व तालाब में मिलने का कारण बता रहे हैं।

#### समूह को बड़ा नुकसान

जानकारी के अनुसार गांव का यह तालाब पांच साल के लिए समूह को मछली पालन के लिए दिया गया है। जिनका समय सीमा पूर्ण होने में लगभग साल भर का समय शेष है। तालाब की हजारों मछलियों के मरने से समूह को बड़ा नुकसान हुआ है। समूह ने बीमा कराया है। उन्होंने बीमा क्लेम देने की मांग किया है। जनपद सदस्य डोमार सिंह भेड़िया ने घटना की सूचना मत्स्य विभाग को दिया है। उन्होंने मामले की जांच कर समूह को राहत पहुंचाने की मांग की है।

# शिक्षा विभाग में उलटफेर बीईओ साहू की हुई वापसी



**डोंगरगांव।** शिक्षा विभाग में इन दिनों बड़ा उलटफेर देखने मिला है। चालू माह में तत्कालीन बीईओ को हटाते हुए अन्य की पदस्थापना की गई थी जो मात्र 12 दिन ही अपने पद पर रह सके और हाई कोर्ट के आदेश पर पूर्व बीईओ की वापसी हो गई।

- शालेय शिक्षक संघ ने किया स्वागत

जानकारी के अनुसार गत 10 जून को बीईओ के पद पर उच्चतर माध्यमिक शाला व्याख्याता एलबी कमलेश्वर कुमार देवांगन को पदस्थ किया गया था। हाल में हाईकोर्ट द्वारा जारी आदेश के परिपालन में उन्हे हटाते हुए पूर्व बीईओ जयंत साहू को 22 जून को पुनः पदस्थ किया गया है। श्री साहू ने पदभार भी ग्रहण कर लिया है।

छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विष्णु शर्मा के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधि मंडल ने बीईओ श्री साहू से भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर हरिश शर्मा, बसंत गुप्ता, राहुल जैन, ईश्वर जोशी, नूतन साहू, शमसुद्दीन अंसारी, गुलाब गावरे, शीतला बंधे, जयचंद पटेल, कृष्ण कुमार साहू, केके साहू, चित्ररेखा वैष्णव, शशिकला कठोलिया, सौरभ तिवारी, शशांक साहू उपस्थित थे।

# जैन साध्वियों का शहर में होगा चातुर्मास, तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

पूर्व और पश्चिम दिशा से विहाररत साध्वियों संघ का जुलाई माह में चातुर्मास के निमित्त से आगमन होगा। अगले चार महीने तक जैन साध्वियां लोगों को धर्म का मर्म बताते हुए आत्मकल्याण की राह दिखाने का प्रयास करेंगी। इस साल शहर में दिगम्बर और श्वेतांबर समाज की साध्वियों का चातुर्मास होना है।

उल्लेखनीय है कि जैन धर्म में चातुर्मास काल का विशिष्ट महत्व है। इस अवधि में कीड़े व सूक्ष्म जीव की हिंसा होने की आशंका को देखते हुए जैन साधु साध्वियां एक ही जगह रहकर धर्म और आत्म कल्याण के कार्य करते हैं। इस दौरान जैन साधु साध्वी तप, प्रवचन तथा जिनवाणी के प्रचार को विशेष महत्व देते हैं। जानकारी के अनुसार सूर्योदय जैन तीर्थ अमरकंटक से समाधिस्थ जैनाचार्य विद्यासागर महाराज की शिष्या आर्यिका तपोमति माता का विहार नगर की ओर चल रहा है। यहां उनका चातुर्मास होना प्रस्तावित है। जुलाई के पहले पखवाड़ा में उनक नगर में मंगल प्रवेश की संभावना है।



#### आत्मरंजन वर्षावास

जानकारी के अनुसार खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणि प्रभसूरीश्वर म.सा. के दिव्याशीष और आगम ज्योति प्रमोद श्री जी म.सा, रतनमाला श्री जी म.सा की पावन निश्रा में डॉ. विद्युत्प्रभा श्री जी म.सा.की सुशिष्या साध्वी आज्ञांजना श्री जी म.सा, साध्वी आगमरूचि श्री जी म.सा. आदि ठाणा 2 का चातुर्मास नगर में होना प्रस्तावित है। साध्वी वृन्द इन दिनों महाराष्ट्र के अंतरिक्ष पार्श्वनाथ तीर्थ में विराजमान है। शीघ्र ही उनका विहार होने की संभावना है।

# मंजूरी के 5 वर्ष बाद भी श्रीयंत्र अधूरा विधायक बघेल ने लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने गत दिनों समर्थकों के साथ प्रसाद योजना के तहत निर्माणाधीन श्रीयंत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने पर्यटन विभाग के प्रभारी श्रीनिवास राव बाबू से निर्माण की वर्तमान स्थिति और शेष कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए विधायक बघेल ने कहा कि प्रसाद योजना अंतर्गत लगभग 28 करोड़ की लागत से श्रीयंत्र का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्य की गति बेहद धीमी है। इस कार्य को दो साल में पूरा हो जाना चाहिए था, किंतु आज तक कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। विधायक ने श्रीयंत्र की स्थिति को चिंताजनक बताते हुए कहा कि यह परियोजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। उन्होंने कहा कि समय रहते निर्माण को पूरा नहीं किया गया तो लोकार्पण से पहले ही इसकी स्थिति खराब हो सकती है।



#### भुगतान भी लंबित

उन्होंने आरोप लगाया कि कार्य में लगे छोटे ठेकेदारों एवं मजदूरों का भुगतान संबंधित एजेंसी द्वारा नहीं किया गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विजयराज चौहान ने निर्माण पर सवाल उठाते हुए बताया कि प्रसाद योजना अंतर्गत कुल 43 करोड़ 33 लाख की राशि स्वीकृत दी गई थी, जिसमें लगभग 28 करोड़ श्रीयंत्र, 5 करोड़ से अधिक प्रज्ञागिरी ट्रस्ट तथा लगभग साढ़े सात करोड़ मां बमलेश्वरी मंदिर के विकास कार्यों के लिए जारी किए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि करोड़ों खर्च होने के बाद भी निर्माण मानकों के अनुरूप नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि मेडिटेशन सेंटर सहित अन्य कार्यों में गुणवत्ता का अभाव दिखाई दे रहा है। भवन जर्जर होते दिख रहे हैं। पीवीसी प्लेटें उखड़ने लगी हैं। उन्होंने बकाया भुगतान और निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने की मांग की है। निरीक्षण के दौरान प्रकाश महानदी, संध्या देशपांडे, नलिनी मेश्राम, रेखा मेश्राम, विनायक राव, कृष्णा गुप्ता, दिनेश साखरे, कृष्णा लिल्हारे, गजेंद्र साहू, चंद्रशेखर बोरकर, निधि गजभिए, निशा निर्मलकर, पायल पूर्ति एवं रितु निर्मलकर मौजूद थे।

# साहस की प्रतीक थीं रानी दुर्गावतीः सिन्हा



**छुरिया।** आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ने रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस श्रद्धा के साथ मनाया।पुराने बस स्टैंड स्थित प्रतिमा की पदाधिकारियों एवं अतिथियों ने पूजा अर्चना की । मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे। अध्यक्षता शेरसिंह परतेती ने की। कार्यक्रमें नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, मदन नेताम, बीरमबाई मंडावी, राजेश्वर ध्रुवे, भूषण नेताम, चंद्रशेखर मंडलोई शामिल हुए। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि रानी दुर्गावती के साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के आदर्शों को अपनाकर गौरवशाली भारत के निर्माण में सभी अपना योगदान दें । उन्होंने कहा कि जब हम अपने नायकों का सम्मान करेंगे, तभी राष्ट्रप्रेम और आत्मगौरव की भावना जीवित रहेगी। सभा को नगर पंचायत अध्यक्ष, मदन नेताम, शेरसिंह परतेती, मनभावन उइके, राजेश्वर ध्रुवे ने भी संबोधित किया। इस दौरान समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर बालमुकुंद कुंजाम, भानबाई मंडावी, उभे मंडावी, लक्ष्मी मंडावी, रघुवीर सेवता, दयाराम कौशल, हिरदे, हरदेव सहित अन्य मौजूद रहे।

# परिक्रमा पथ से सबको होगा लाभ

**डोंगरगढ़।** मंडल भाजपा के महामंत्री सुरेश ताम्रकार ने परिक्रमा पथ परियोजना को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि यह परियोजना किसानों, ग्रामीणों, व्यापारियों और श्रद्धालुओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है, जबकि केंद्र एवं राज्य सरकार समग्र विकास और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडेय, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, जिला अध्यक्ष महेश वर्मा तथा अन्य के प्रयासों से अनेक विकास योजनाओं की सौगात मिली है जिसमें परिक्रमा पथ एक महत्वपूर्ण परियोजना है, जिससे धार्मिक, सामाजिक और पर्यटन गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शिव निषाद ने परिक्रम पथ को उचित बताते हुए निर्माण का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि इस योजना से शहर और गांव में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। लोगों को काम मिलेगा। श्री निषाद ने कहा कि शहर के विकास की कड़ी में बायपास रोड, रिंग रोड, सड़क चौड़ीकरण की जरूरत है किन्तु जो योजना लागू हो गई है उसे होने देना चाहिए और जो काम रुका है उसे चालू कराने का प्रयास करना चाहिए।



### कानूनी लड़ाई लंबी खिंचने के कारण निर्माण कार्य नहीं हो सका शुरू

# 132 करोड़ रुपए की लमती परियोजना पर ब्रेक, टेंडर रद्द

## पिछले साल सीएम ने किया था परियोजना का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के किसानों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही लमती फीडर जलाशय परियोजना को बड़ा झटका लगा है। करीब एक साल से विवादों और न्यायालयीन प्रक्रिया में फंसी इस परियोजना के बैराज निर्माण का टेंडर आखिरकार जल संसाधन विभाग ने निरस्त कर दिया है।

खास बात यह है कि पिछले साल सीएम विष्णुदेव साय द्वारा भूमिपूजन किए जाने के बाद भी परियोजना का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया था।

महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की सीमा से लगे लछनाटोला क्षेत्र में प्रस्तावित लमती फीडर जलाशय परियोजना को क्षेत्र की सबसे बड़ी सिंचाई योजनाओं में शामिल किया गया था। करीब चार साल की प्रक्रिया बाद इस परियोजना को मंजूरी मिली थी। इसकी कुल लागत लगभग 242 करोड़ रुपये है, जबकि बैराज निर्माण के लिए करीब 132 से 137 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया गया था। योजना का उद्देश्य खैरागढ़ और राजनांदगांव जिले के उन क्षेत्रों तक सिंचाई सुविधा पहुंचाना है जहां आज भी किसान बारिश पर निर्भर हैं।



### विभागीय प्रक्रिया से निरस्त

जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता केतन किशोर साहू का कहना है कि विभागीय प्रक्रिया और अनुमोदन संबंधी कारणों से टेंडर निरस्त किया गया है। नई निविदा जारी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई और निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा। फिलहाल लमती फीडर परियोजना एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहां एक तरफ हजारों किसानों को सिंचाई सुविधा मिलने की उम्मीद दिखाई जा रही है, तो दूसरी तरफ सैकड़ों ग्रामीण अपने घर और जमीन बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। टेंडर निरस्त होने से परियोजना की रफ्तार भले थम गई हो, लेकिन इससे जुड़ा सवाल और विवाद पहले से कहीं ज्यादा गहरा हो गया है।

### विस्थापन और सिंचाई के दावों के बीच उलझा मामला

ग्रामीणों का कहना है कि उनकी पुश्तैनी जमीन, मकान और खेती इसी क्षेत्र में है। यदि परियोजना लागू होती है तो उन्हें अपने गांव और आजीविका दोनों से हाथ धोना पड़ सकता है। दूसरी ओर विभाग का दावा है कि परियोजना पूरी होने के बाद क्षेत्र की तस्वीर बदल सकती है। बैराज में लगभग 9 एमसीएम पानी का भंडारण किया जा सकेगा और इससे खैरागढ़, राजनांदगांव जिले के करीब 28 गांवों की 977 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। किसानों को सालभर पानी उपलब्ध होने से खेती का रकबा और उत्पादन दोनों बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। हाल के दिनों में परियोजना को लेकर ग्रामीणों का विरोध भी तेज हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस क्षेत्र को भविष्य में डूबान क्षेत्र बताया जा रहा है, वहीं अभी पंचायत द्वारा सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है और पीएम आवास योजना के तहत मकान भी बनाए जा रहे हैं। ऐसे में लोगों के मन में यह सवाल उठ रहा है कि यदि भविष्य में यह क्षेत्र जलाशय में डूबने वाला है तो यहां सरकारी धन खर्च कर विकास कार्य क्यों कराया जा रहा हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर परियोजना से संबंधित सभी दस्तावेज, डूबान क्षेत्र की जानकारी तथा पुनर्वास योजना सार्वजनिक करने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं होती, तब तक परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया जाना चाहिए।

### ठेकेदारों के बीच पात्रता को लेकर विवाद

पिछले वर्ष अगस्त में टेंडर प्रक्रिया पूरी हुई थी, लेकिन टेंडर खुलने के बाद दो ठेकेदारों के बीच पात्रता और दस्तावेजों को लेकर विवाद खड़ा हो गया। मामला अदालत तक पहुंच गया और फिर हाईकोर्ट से होते हुए सुप्रीम कोर्ट तक चला गया। कानूनी लड़ाई लंबी खिंचने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। इस बीच परियोजना के लिए स्वीकृत बजट पर भी असर पड़ने लगा। आखिरकार 11 जून को जल संसाधन विभाग ने निविदा प्रक्रिया को अपूर्ण बताते हुए टेंडर निरस्त करने का निर्णय ले लिया। अब विभाग को नई निविदा प्रक्रिया शुरू करनी होगी, जिसके कारण परियोजना में और देरी होना तय माना जा रहा है। यह परियोजना जितनी सिंचाई को लेकर चर्चा में है, उतनी ही विस्थापन को लेकर भी विवादों में है। विभागीय जानकारी के अनुसार बैराज बनने पर लछनाटोला गांव सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। लगभग 108 परिवारों को विस्थापित करना पड़ सकता है और करीब 170 हेक्टेयर भूमि डूबान क्षेत्र में आएगी। इसमें बड़ी मात्रा में कृषि भूमि भी शामिल है।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का हुआ समापन, 55 आचार्यों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छग द्वारा संचालित सरस्वती शिक्षा केंद्र के संकुल अंतर्गत नए पुराने आचार्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। जिसमें 46 दीदी 9 आचार्य सहित कुल 55 लोग प्रशिक्षण में शामिल है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि नगर संघ चालक आरएसएस मोतीलाल यादव थे।

कार्यक्रम अध्यक्षता जिला समंवयक श्रीराम यादव और मुख्य वक्ता मनोहर लाल चंदेल थे। मोतीलाल यादव ने कहा कि वर्तमान परिवेश में आज जिस तरह अपनी संस्कृति को बचाने की चुनौती है इस समय आप सबने उस चुनौती को अवसर में बदलने के लिए वनांचल क्षेत्रों में कार्य करने का महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रशिक्षणार्थियो के माध्यम से ही समाज मे परिवर्तन होगा और भारत जल्द विश्वगुरु बनेगा। मुख्यवक्ता मनोहर लाल चंदेल ने कहा कि जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व है मनुष्य जीवनभर सीखता है। सीखकर ज्ञान बांटना परम दान है। विद्याधन से बड़ा कोई धन नही है। पर्यावरण पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हमे पौधे लगाकर उनका संरक्षण करना आवश्यक है। घर उपयोग किये हुए पालीथीन को प्लास्टिक बॉटल में भरकर इको ब्रिक्स बनाना चाहिए।



### व्यक्तित्व विकास के लिए प्रशिक्षण वर्ग आवश्यक

प्रशिक्षण के समापन सत्र के मुख्य अतिथि भागवत शरण सिंह ने प्रशिक्षण में शामिल आचार्यों व दीदीयों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उनका कार्य अनुकरणीय है। संस्था से जुड़कर बच्चों को संस्कार शिक्षा देंना और सनातन संस्कृति को जीवित रखने का कार्य आपके माध्यम से निशुल्क शिक्षा तहत सरस्वती शिक्षा केन्द्र के माध्यम से होगा। कार्यक्रम अध्यक्ष शशांक ताम्रकार ने कहा कि संस्कार के साथ साथ सोशल मीडिया और टेक्नोलॉजी से भी शिक्षा देंने की जरूरत है। मुख्यवक्ता श्रीराम यादव जी ने कहा कि बालक का सर्वागीण विकास पांच कोष पहला अन्नमय कोष, दूसरा प्राणमय कोष, तीसरा मनोमय कोष, चौथा विज्ञानमय कोष और पांचवा आनंदमय कोष के माध्यम से करना है। व्यक्तित्व विकास के लिए प्रशिक्षण वर्ग अति आवश्यक है इस प्रकार प्रशिक्षण करने का मतलब यह है कि जिस प्रकार कांसा के बर्तन को जितना मांजा जाए अर्थात जितना साफ किया जाय उतना ही चमकता है वैसे ही प्रशिक्षण में हमारे अंदर एक नई ऊर्जा का संचार होता हैं और हम समाज के लिए चमकते हुए काम करते है। कार्यक्रम मे पूर्व में आचार्यो की रूप में सेवा देने वालों का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।

प्रशिक्षण सत्र के पहले दिन सामपन दौरान भारत माता की आरती हुई। उल्लेखनीय है कि सरस्वती शिक्षा केंद्र वनवासी क्षेत्र के बच्चों को निशुल्क कला संस्कृति खेलकूद व शैक्षणिक विकास के लिए केंद्र संचालित करता है इसमें गांव के युवक युवतियां आचार्य के रूप में अपना सेवा देते है।

## समितियों में खाद- बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

**राजनांदगांव।** जिले में खेती-किसानी कार्यों में तेजी आई है। समितियों में खाद-बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। राजनांदगांव जिले में 68960 मीट्रिक टन उर्वरक का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य के विरुद्ध 55063 मीट्रिक टन का भंडारण किया जा चुका है। जिसमें सरकारी क्षेत्र में 39529 मीट्रिक टन एवं निजी क्षेत्र में 15534 मीट्रिक टन का भंडारण किया गया है, जो गत वर्ष इसी अवधि की तुलना में लगभग 25 प्रतिशत अधिक है।

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि भंडारित उर्वरकों का वितरण किसानों को 31640 मीट्रिक टन का वितरण समितियों के माध्यम से किया जा चुका है एवं निजी क्षेत्र से भी 11874 मीट्रिक टन का वितरण किसानों को हो चुका है। इस तरह कुल 43513 मीट्रिक टन का वितरण हो गया है। वर्तमान में समितियों में यूरिया उर्वरक 3891 मीट्रिक टन, डीएपी 427 मीट्रिक टन, एनपीके खाद 1083 मीट्रिक टन, सिंगल सुपर फास्फेट 1317 मीट्रिक टन एवं पोटाश 1170 मीट्रिक टन कुल 7889 मीट्रिक टन उर्वरक समितियों में वर्तमान में उपलब्ध है। साथ ही निजी क्षेत्र में भी 3660 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है।

# घर-घर पहुंचकर बच्चों को पिलाई जा रही पल्स पोलियो की खुराक



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान के दूसरे दिन स्वास्थ्य विभाग की वैक्सीनेटर टीमो ने शासन के निर्देशानुसार घर-घर भ्रमण कर ऐसे बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाई जो अभियान के पहले दिन किसी कारणवश पोलियो बूथ तक नही पहुॅच पाए और खुराक लेने से वंचित रह गए थे। अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिले का कोई भी 0 से 5 साल आयु का बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन व सतत मॉनिटरिंग के लिए सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा, बीएमओ खैरागढ़ डॉ. विवेक बिसेन, बीएमओ छुईखदान डॉ. मनीष बघेल, बीईटीओ केपी साहू, आरपी गढ़वाल, डीएल सोनी सहित अन्य पर्यवेक्षक विभिन्न क्षेत्रों का सतत भ्रमण कर वैक्सीनेशन दलों के कार्य का निरीक्षण व मार्गदर्शन कर रहे हैं।

### की गई अपील

भ्रमण दौरान अधिकारियों ने वैक्सीनेटर दलों को प्रत्येक घर तक पहुंचकर पात्र बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने, छूटे हुए बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें तत्काल कवर करने और अभियान से संबंधित सभी प्रपत्रों का नियमानुसार संधारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही अभिभावकों से भी अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने की अपील की। सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि यदि आपके घर वैक्सीनेटर दल पहुंचे तो 0 से 5 साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे और हम सभी मिलकर पोलियो पर अपनी जीत बरकरार रख सके।

वहीं राज्य स्तर से डॉ राजा प्रधान और विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि डॉ असीम खान द्वारा भी फील्ड विजिट कर अभियान की प्रगति, गुणवत्ता की मॉनिटरिंग की जा रही है।

# कार्यकर्ताओं को भाजपा युवा मोर्चा में मिला नया दायित्व

**डोंगरगांव।** जिला भाजपा राजनांदगांव के जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चिन्टू सोनकर की सहमति से मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष शरद वैष्णव ने कार्यकारिणी की घोषणा की है। जारी सूची के मुताबिक कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष गुलशन पटेल, हिमांशु साहू, संतोष निषाद, प्रांजल श्रीवास्तव, डेविड थिसिस साहू, पुष्पेन्द्र हिरवानी को बनाया गया है। महामंत्री गौरव यदु, नवनीत अहीर, मंत्री नोमित सोनकर, रितिक तिवारी, यशवंत नायक, गुलशन हिरवानी, नीलोत्पल ठाकुर एवं विनय गंजीर बनाए गए। कोषाध्यक्ष मल्टी देवांगन, सह कोषाध्यक्ष मनोज साहू, नंदकुमार गायकवाड़, मीडिया प्रभारी कुंदन साहू, छन्नू पटेल, सोशल मीडिया प्रभारी गीतांशु साहू, धर्मेन्द्र यादव बनाए गए है। सुमीत अग्रवाल, सोनु सिन्हा प्रशिक्षण प्रमुख, जय ठाकुर, मनीष साहू, राजा देवांगन आईटी सेल प्रभारी, आशीष कामड़े, प्रवीण तिवारी खेल एवं कला प्रमुख, भूपेन्द्र मेरिया, उमा देवांगन, मनीषा पटेल, धनीता साहू कन्या शक्ति संयोजिका, नमिता यादव, कमल सिन्हा, हिमांशु अहीर, डिलेश्वर साहू, मुकेश श्रीवास, गंगा यादव, बादल राजपूत प्रचार प्रमुख बनाए गए है।

### अर्जुनी मंडल में इन्हें मिली जिम्मेदारी

मंडल भाजयुमो अध्यक्ष भाविश निक्की साहू ने अपनी टीम में गजेंद्र राजा साहू, यतीश सिन्हा को महामंत्री, संदीप साहू, घनश्याम यादव, खिलेंद्र कुमार, कमल साहू एवं गोपाल साहू को उपाध्यक्ष बनाया है। दीपक साहू को कोषाध्यक्ष तथा पुनीत सोनकर को सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंत्री पुष्पेंद्र साहू, वीरेंद्र सिन्हा, हिमांशु साहू, डोमन कुमार, भूपेंद्र साहू एवं मनीष साहू को नियुक्त किया गया है। प्रवक्ता कालूराम साहू, नूतन कुमार, हुनेश निषाद को नियुक्ति किया गया है। दिलेश साहू, नंदकुमार ठाकुर एवं राकेश माडिया को मीडिया प्रभारी तथा योगीराज साहू, एवन साहू एवं देवेंद्र कुमार ठाकुर को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। आशीष वैष्णव को कार्यालय मंत्री तथा अधिवक्ता नेम सिंह साहू को विधि प्रकोष्ठ प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना, श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी नि:शुल्क आवासीय शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- निजी आवासीय विद्यालय में 12वीं तक नि :शुल्क शिक्षा दी जाएगी

श्रम विभाग अंतर्गत छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना तहत सत्र 26-27 में कक्षा छठवीं में प्रवेश लेने वाले पात्र विद्यार्थियों को चयनित निजी आवासीय विद्यालयों में कक्षा बारहवीं तक नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी।

जिला श्रम पदाधिकारी श्रीमती उज्जवल भोई ने बताया कि जिले को योजना अंतर्गत 5 सीटों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। पात्र पंजीकृत निर्माण श्रमिक अपने बच्चों के लिए 3 जुलाई 2026 तक विभागीय वेब पोर्टल अथवा श्रमेव जयते मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज जिला श्रम कार्यालय, कलेक्टोरेट परिसर में भी जमा किया जा सकता हैं।

### पंजीयन एक साल पुराना आवश्यक

योजना का लाभ पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की प्रथम दो संतानों को मिलेगा। इसके लिए श्रमिक पंजीयन कम से कम एक साल पुराना होना आवश्यक है और विद्यार्थी वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कक्षा छठवीं में प्रवेश लेने वाला होना चाहिए। विद्यार्थियों का चयन मेरिट के आधार पर किया जाएगा। आवेदन के लिए श्रम पंजीयन कार्ड, बच्चे का आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, पिछली कक्षा की अंकसूची, वर्तमान अध्ययन प्रमाण पत्र, नियोजन संबंधी स्व-घोषणा पत्र तथा योजना संबंधी स्व-घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा। योजना अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को छठवीं से बारहवीं तक निशुल्क शिक्षा, आवास तथा अन्य शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। विभाग ने पात्र निर्माण श्रमिकों से योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

## खरीफ फसल के लिए किसानों को पिछले वर्ष के बराबर मिलेगा यूरिया

**राजनांदगांव।** खरीफ 2026 के दौरान किसानों को यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने सहकारी क्षेत्र में यूरिया वितरण संबंधी दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार यूरिया की वर्तमान पर्याप्त उपलब्धता को देखते पूर्व में जारी कुछ प्रतिबंधों को समाप्त कर दिया गया है। नए निर्देशों के अनुसार अब पात्र किसानों को खरीफ 2025 में प्राप्त यूरिया की मात्रा के बराबर ही खरीफ 2026 में भी यूरिया उपलब्ध कराया जाएगा। किसानों को यह उर्वरक एकमुश्त अथवा संबंधित सहकारी समिति में उपलब्ध स्टॉक के आधार पर चरणबद्ध तरीके से वितरित किया जाएगा।

# बच्चों को बनाएं शिक्षित और संस्कारवान : मधुसूदन

- कलकसा में मनाया गया रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

गोड़ समाज मुड़ा परिक्षेत्र कलकसा के तत्वावधान में रानी दुर्गावती बलिदान दिवस कलकसा में मनाया गया। मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव थे।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार रानी दुर्गावती ने 70 हजार से अधिक गांवों वाले समृद्ध राज्य का शासन बुद्धिमत्ता से चलाया, कलाओं को संरक्षण दिया और बुनियादी ढांचे का निर्माण किया, उसी प्रकार हमें भी अपने परिवार को शिक्षित कर समृद्धशाली समाज की स्थापना करने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। सभी को यह संकल्प लेना होगा कि वह अपने बच्चों को शिक्षित कर विविध क्षेत्रों में निपुण बनाएं। उन्होंने सामाजिक भवन के लिए 10 लाख एवं दुर्गावती की मूर्ति स्थापना की घोषणा की। उक्त मौके पर पूर्व जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, जिला भाजपा सचिव जैनकुमार मेश्राम ने रानी दुर्गावती के जीवन पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषण अध्यक्ष नरोत्तम कुंजाम ने दिया। अध्यक्षता मदन नेताम ने की। इस मौके पर रमेश उइके , रविन्द्र अग्रवाल, अनिल सिन्हा, अशोक साहू, उमा विनोद धुर्वे, उत्तरा राजू उइके, कविता धर्मेश छेदईया, नरोत्तम कुंजाम, मनोज नेताम, रेखराज, संजय उइके, नंद साहू, मोनू छेदइया, चैनसिंग मरकाम, थनवार मंडावी, मदन खुश्याम, मायाराम मंडलोई, थनवार मंडावी, आरबी सिंह, जागेश्वर, बेनीराम, महेंद्र नेताम, गुमान नेताम, राधेश्याम सूर्यवंशी, चेमसिंह मरकाम, टोकेश्वर नेताम, भगत, घनश्याम नागारची, राजू मेघनाथ, रामलाल मंडावी, फगसिंग मंडावी, लिखन कुंजाम, तुमेश नेताम, जितेंद्र उईके, मेनेंद्रसिंह कुंजाम, विजय शोरी, मुन्नालाल उईके, कुंभलाल पदम सहित अन्य उपस्थित थे।

## सैकड़ों की संख्या में भागवत प्रेमियों के बीच महाभिषेक

# जगन्नाथ मंदिर में पूर्णिमा पर प्रभु का दुग्ध स्नान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश के पहले जगन्नाथ मंदिर होने का गौरव प्राप्त ब्लाक के पांडादाह में प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर मेंज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर परंपरागत दुग्ध स्नान हुआ। मंदिर सेवा समिति एवं पांडादाह सहित आसपास के ग्रामों से सैकड़ों भागवत प्रेमियो की मौजूदगी में श्रद्धालुओं ने प्रभु का दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।



भगवान श्री जगन्नाथ, बलदाऊ भैया व माता सुभद्रा का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दुग्ध, दही, घी, शहद व शर्करा से महाभिषेक कराया गया। पौराणिक मान्यता अनुसार स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान 15 दिनों के लिए बीमार हो जाते हैं जिसे अनसर काल कहा जाता है। इस दौरान मंदिर के पट बंद रहते हैं और प्रभु को एकांत में रखा जाता है। इन पंद्रह दिनों तक भगवान को औषधिय जड़ी-बूटियों का काढ़ा व फलों का रस अर्पित किया जाता है। मान्यता है कि इससे प्रभु स्वस्थ होते हैं। अनसर काल के बाद भगवान स्वस्थ होकर भक्तों को नवयौवन दर्शन देंगे और फिर प्रसिद्ध रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान मंदिर समिति अध्यक्ष पंडित मिहिर झा, राजू यादव, कमलेश यदु, संतोष कर्ष, रूपेंद्र यदु, संजय यदु, ईश्वर कुंभकार, बरातू वर्मा, राजकुमार यदु, पुजारी संतोष वैष्णव, संतू सिन्हा, सोमनिशा खरे, प्रमिला कर्ष, प्रमिला रजक, मधुर यदु, हीरा सिन्हा, हिरावन जंघेल, अशोक यदु सहित बड़ी संख्या मे समिति सदस्य व ग्रामीण श्रद्धालु मौजूद थे। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि अनसर काल के बाद होने वाले नवयौवन दर्शन व रथ यात्रा महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पुण्य लाभ लें।



# पुलिस टीम की दर्जनभर कोचिंग सेंटरों में दबिश, जांची सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के कोचिंग संस्थानों में पुलिस टीम ने पहुंचकर फायर सेफ्टी एवं सुरक्षा मानकों की बारिकी से जांच की। इस दौरान कोचिंग संस्थानों के संचालकों को विद्यार्थियों की सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस टीम द्वारा 29 जून 2026 को पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के नेतृत्व में राजनांदगांव शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में फायर सेफ्टी एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान थाना कोतवाली, बसंतपुर एवं चिखली क्षेत्र के लगभग 12 कोचिंग संस्थानों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस टीम ने कोचिंग संस्थानों में उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों, आपातकालीन निकास, आपातकालीन खिड़कियों, विद्युत वायरिंग, विद्युत सुरक्षा उपकरणों, सीढ़ियों एवं निकासी मार्गों सहित अन्य सुरक्षा मानकों का बारीकी से परीक्षण किया।

ज्ञात हो हाल ही में नगर सेना की टीम ने भी शहर के निजी कोचिंग सेंटरों में दबिश देकर जांच पड़ताल की थी। पुलिस के साथ ही प्रशासन भी लखनऊ की घटना के बाद से ही कोचिंग सेंटरों को लेकर सतर्क हो गया है। किसी भी प्रकार के हादसे से बचने के लिए निरीक्षण कर अपनी जिम्मेदारी पूरी की जा रही है। हालांकि शहर में इस जांच पड़ताल के दौरान किसी भी कोचिंग सेंटर को सील नहीं किया गया है, केवल निर्देश ही जारी किए गए है।

## कोचिंग सेंटरों की सुरक्षा व्यवस्था में मिली कई खामियां, जल्द से जल्द सुधार के दिए गए निर्देश

### सुरक्षा मानकों का करें पालन

सभी कोचिंग संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने संस्थानों में निर्धारित अग्नि सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें। पर्याप्त संख्या में कार्यशील फायर एक्सटिंग्विशर, स्पष्ट निकास मार्ग, सुरक्षित विद्युत व्यवस्था तथा आपातकालीन स्थिति में विद्यार्थियों को सुरक्षित बाहर निकालने की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए।



### लापरवाही पर होगी कार्रवाई

पुलिस अधिकारियों द्वारा संचालकों को यह भी अवगत कराया गया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा सुरक्षा मानकों में कमी पाए जाने पर संबंधित प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस विशेष अभियान में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक उपेंद्र शाह, थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू सहित दोनों थानों व पुलिस लाइन के लगभग 25 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सहभागिता कर कोचिंग संस्थानों का सघन निरीक्षण किया तथा सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## सार समाचार

### सरकार का फैसला सराहनीय : दीपक



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन के मंत्रिमंडल द्वारा प्रदेश के विद्यालयों में विद्यार्थियों को गायत्री मंत्र एवं हनुमान चालीसा का पाठ कराने संबंधी लिए गए निर्णय का विश्व हिंदू रक्षा संगठन ने स्वागत करते इसे भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी पहल बताया है। विश्व हिंदू रक्षा संगठन के जिला अध्यक्ष दीपक सोनी ने कहा कि यह निर्णय नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपराओं एवं नैतिक मूल्यों से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार निर्माण की आधारशिला भी होते हैं। ऐसे में गायत्री मंत्र एवं हनुमान चालीसा जैसे प्रेरणादायी स्त्रोतों का अध्ययन विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, राष्ट्रभक्ति एवं नैतिक चेतना का विकास करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल शिक्षा के साथ-साथ संस्कारयुक्त समाज निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा आने वाली पीढ़ियों को भारतीय सभ्यता एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

### प्रतियोगिता में गायत्री विद्यापीठ का शानदार प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते विद्यालय एवं जिले का गौरव बढ़ाया है।



विद्यालय में अध्ययनरत तनय साहू एवं उद्यम देवांगन ने स्क्वैश राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के पीछे विद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अखिलेश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन, नियमित प्रशिक्षण एवं सतत प्रेरणा रही। इस अवसर पर सीबीएसई के प्राचार्य अंकित व्यास ने दोनों खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षक को शुभकामनाएं देते कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का ही नहीं, बल्कि अनुशासन, धैर्य, नेतृत्व और सकारात्मक व्यक्तित्व निर्माण का भी सशक्त माध्यम है। स्पोर्ट्स डायरेक्टर सागर चितलांग्या ने दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा इसे समस्त विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी उपलब्धि बताया।

इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, सूर्यकांत चितलांग्या, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सागर चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, मनोज चितलांग्या, अमित उत्तलवार, अंकित व्यास, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### वृद्धाश्रम में फल वितरित

**राजनांदगांव।** सतगुरू कबीर प्राकट्य दिवस पर आज मानिकपुरी समाज युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनीष मानिकपुरी एवं टीम के तत्वधान में



राजनांदगांव के रायपुर नाका वृद्धाश्रम में भोजन, फल और जरूरत की सामग्री भेंट किया गया। अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव शामिल थे। इसके अलावा भाजयुमो के पूर्व जिला महामंत्री गोलू सूर्यवंशी, मानिकपुरी समाज के जिला अध्यक्ष ज्ञानदास मानिकपुरी, जिला कोषाध्यक्ष धरमदास मानिकपुरी, जिला युवा प्रकोष्ठ टीम के सभी पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष मनीष मानिकपुरी, उपाध्यक्ष प्रवीण मानिकपुरी, सचिव सोमेश मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष ओम मानिकपुरी, सह-सचिव सोनू दास मानिकपुरी, सह-कोषाध्यक्ष राहुल दास, मानिकपुरी समाज के अन्य सदस्य विजय मानिकपुरी, विजेंद्र मानिकपुरी, राजेश मानिकपुरी, शेखर मानिकपुरी, हरि दास मानिकपुरी उपस्थित थे।

## एमएमसी जिले के जिला पंचायत में चल रहा कमीशनखोरी का खेल

# पंचायतों की बजाए कांग्रेस नेताओं को बांट दिया करोड़ों रुपए का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिले में ग्राम पंचायतों के अधिकारों को लेकर विवाद गहरा गया है। जिलेभर के सरपंच जिला पंचायत के भ्रष्ट कार्यप्रणाली के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। अफसरशाही के खिलाफ मचे बवाल के बीच पंचायतों के अधिकार क्षेत्र में स्वीकृत करोड़ों रुपए के विभिन्न निर्माण कार्य को बालोद, गुंडरदेही तथा कांग्रेस के नेताओं को कमीशन बेस पर काम बांट दिया गया है। निर्माण कार्य में व्यापक तौर पर बंदरबांट किया जा रहा है।इधर पंचायत तथाकथित कमीशनखोरी व्यवस्था के बीच बेरोजगार हैं।

आरोपों के मुताबिक जिला पंचायत से कमीशन बेस में लोक शिक्षण मद से करीब 2 करोड़ 82 लाख रुपए, अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि से 2 करोड़ 88 लाख रुपए तथा मुख्यमंत्री समग्र निधि से 3 करोड़ 19 लाख रुपए के विकास कार्य को मुख्य कार्य एजेंसी ग्राम पंचायतों को दरकिनार कर बालोद-गुंडरदेही के ठेकेदार तथा स्थानीय कांग्रेस नेताओं को कमीशन बेस पर ग्राम पंचायत में ठेकेदार के रूप में उतार दिया गया है। अफसरशाही के खिलाफ एकजुट हुए सरपंचों का आरोप है कि इससे निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों को खत्म कर दिया गया है। पंचायत में स्तरहीन निर्माण कार्य हो रहे हैं।



### कमीशन के खेल में लूट मचा है

इस मामले में मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी ने भी भाजपा सरकार और जिला प्रशासन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में अफसरशाही पूरी तरह बेलगाम हो चुकी है। ग्राम पंचायतों के संवैधानिक अधिकार छीनकर बिचौलियों और ठेकेदारों को फायदा पहुंचाया जा रहा है।

### भाजपाई सरपंच देंगे इस्तीफा

इधर जिले के अधिकांश भाजपा के सरपंच इस कमीशनखोरी व्यवस्था के खिलाफ हो गए हैं। सरपंच इस मुद्दे को लेकर लगातार लामबंद हैं। उनका कहना है कि पंचायतों के अधिकारों की बहाली के लिए शासन स्तर तक लगातार शिकायतें और ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। उनका कहना है कि यदि ग्राम पंचायतों के वैधानिक अधिकार बहाल नहीं किए गए और विकास कार्य पंचायतों के माध्यम से कराए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई, तो वे लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से व्यापक आंदोलन करेंगे। इसके साथ ही सामूहिक जिले के सरपंच इस्तीफा देंगे।

### इस स्वीकृति में हो रहा खेल

ग्राम सरोली में डोम शेड निर्माण 20 लाख, बोरिया 20 लाख, मुरारगोटा 20 लाख, आतरगांव 19.50 लाख, बहोरनभेड़ी 19.50 लाख, बांधाबाजार में 19.50 लाख, नेडगांव में 20 लाख, कोराचा में 20 लाख, नवागांव में 20 लाख, सांगली में पुलिया 15 लाख, हितागुटा में पुलिया 15 लाख, बहोरनभेड़ी के पुलिया 20 लाख। इसी प्रकार लोक शिक्षण मद से प्राथमिक शाला, शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण गोटाटोला 10 लाख, सांगली 10 लाख, करमरी 10 लाख, कोर्रामटोला 10, लाख, मोतीपुर 10 लाख, पांडरवानी 10 लाख, मटेवा 10 लाख, कुम्हली 10 लाख, वासड़ी 10 लाख, करमरी 10 लाख, इरागांव 10 लाख, भरीटोला 10 लाख, बोरिया 10 लाख, दूगाटोला 10 लाख, भोजटोला 10 लाख, ककईपार 10 लाख, कौड़ीकसा 10 लाख, भरीटोला 10 लाख, गोपलिनचुवा 10 लाख, कोर्रामटोला 10 लाख, डुमरटोला 10 लाख, खड़गांव 10 लाख आदि का कार्य जिला पंचायत के भ्रष्ट कार्यप्रणाली, कमीशनखोरी और संरक्षण में बिचौलिए कर रहे हैं और सरपंचों से केवल दबाव बनाकर चेक मांगा जा रहा है।

## नृत्य स्पर्धा में नव्या प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देहरादून में गत दिनों आयोजित नृत्य स्पर्धा ''तरंगम'' में नगर की नव्या परिहार (रोली) ने अपने उत्कृष्ट नृत्य से अन्य राज्यों से आए लगभग 300 प्रतिस्पधियो को पीछा छोड़ते प्रथम स्थान प्राप्त किया।

नव्या परिहार ने भरत नाट्यम की प्रस्तुति में भगवान महादेव की स्तुति को भाव-भंगिमा शास्त्रीय सौंदर्य के साथ लगभग 4 मिनट की प्रस्तुति में हर मुद्रा, भाव, लय आदि पर ताल के साथ त्रिपताका, पताका हंसास्य साहित अन्य मुद्राओं का सटीक प्रदर्शन किया। जिससे दर्शकगण मंत्र-मुग्ध हो उनका आनंद उठाया एवं निर्णायक मंडल की कला पारखी नजरों के फलस्व रूप यह उपलब्धि हासिल की। साथ ही आउट स्टेडिंग का पुरस्कार प्राप्त किया।

वर्तमान में नव्या नृत्याजंली डांस एकेडमी रायपुर में शिक्षण प्राप्त कर रही है। जिसके गुरू कमलेश मरकाम है। नव्या परिहार सोनारपारा निवासी मनोज-विभा परिहार की सुपुत्री और गिरीश सिंह परिहार की भतीजी है। परिवार सहित मोहल्लेवासियों ने बधाई के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कमाना की है। उपरोक्त जानकारी गिरीश सिंह परिहार ने दी।

## शराब पीने पैसे देने से मना करने पर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शराब पीने पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने डंडा से मारपीट के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार 27 जून को प्रार्थी कौशल पटेल निवासी ग्राम खैरबना थाना छुईखदान जिला केसीजी ने थाना खैरागढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने साथियों के साथ धरमपुरा स्थित शराब भट्टी के पास गया था। इसी दौरान आरोपी अमन उर्फ फनीस रजक निवासी बरेठपारा खैरागढ़ ने शराब पीने के लिए पैसे की मांग की। पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने अश्लील गाली-गलौज करते जान से मारने की धमकी दी तथा अपने पास रखे डंडे से प्रार्थी एवं उसके साथी के साथ मारपीट कर उन्हें चोंट पहुंचाया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 119(1), 296, 115(2) एवं 351(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### आरोपी से डंडा जब्त

पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। प्रार्थी एवं गवाहों के कथन दर्ज किए गए तथा आरोपी की पतासाजी कर उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा घटना करना स्वीकार करने पर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा जब्त किया गया। आरोपी अमन उर्फ फनीस रजक 19 वर्ष को 28 जून को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पिलाए पोलियो की दवा

- महापौर ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव ने सघन पल्स पोलियो अभियान 2026 का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह, पार्षद कमलेश बंधे, पार्षद मनोहर यादव, डॉ. नेतराम नवरतन, डॉ.बीएल तुलावी, डॉ.शैलेष जोशी, साहिल मसीह, विकास राठौर, डॉ. स्नेहा जैन, पूजा मेश्राम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया गया कि ब्लॉक के ग्रामों के अलावा शहरी क्षेत्रों में बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन में पोलियो बूथ बनाने के साथ ट्रांजिट टीमों द्वारा खदानों, ईटा भट्टा, छात्रावास, मदरसा एवं छूटे क्षेत्रों में पोलियो की दवा पिलाने हेतु ट्रांजिट टीमों एवं मोबाइल टीमों का गठन किया गया था। प्रथम दिवस बूथ में पोलियो की दवा पिलाने के पश्चात अगले 2 दिन 29 एवं 30 जून 2026 को सभी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम को क्रियाशील कर प्रत्येक 2 घंटे के आंकड़ों का संकलन एवं संध्याकालीन प्रतिवेदन कार्य में कार्यालयीन कर्मचारियों एवं शहरी पर्यवेक्षकों का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने समस्त मैदानी अमलों को निर्देश दिया है कि घर-घर जाकर छूटे बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाई जाए।

## विद्यालय विद्यार्थियों के सपनों को आकार देने का पवित्र स्थान : दयानंद सोनकर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद

संकुल स्त्रोत केंद्र परसदा विकासखंड पाटन के अधीनस्थ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मगरघटा में शाला प्रवेशोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम दयानंद सोनकर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के मुख्य आतिथ्य, कैलाश यादव, कुंजबिहारी साहू, परस राम साहू के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ ।

पूर्व संकुल शैक्षिक समन्वयक एवं वरिष्ठ शिक्षक ललित कुमार बिजौरा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के तैलचित्र में पूजा अर्चना वंदना के साथ हुआ पश्चात शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा के कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले एवं पूर्व माध्यमिक शाला मगरघटा के कक्षा छठवीं में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर एवं निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश वितरण कर स्वागत किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। संस्था प्रमुख केपी चौबे द्वारा स्वागत भाषण दिया गया तथा शाला परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया एवं उनके स्वागत में छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कैलाश यादव एवं कुंज बिहारी साहू एवं परस राम साहू ने नवप्रवेशी बच्चों को नियमित शाला आने एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पालक, बालक एवं शिक्षक को मिलकर कार्य करने की बात कही। मुख्य अतिथि दयानंद सोनकर ने नवप्रवेशी बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने एवं बच्चों को कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों के सपने को आकार देने का पवित्र स्थान होता है इसलिए प्रत्येक बच्चे को अच्छा इंसान बनने का सपना अवश्य देखना चाहिए। उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। नवप्रवेशी बच्चों ने नियमित स्कूल आने, अनुशासन में रहने, बड़ों का सम्मान करने, अपना गृह कार्य नियमित रूप से करने का संदेश अपने संकल्प के माध्यम से दिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व संकुल शैक्षिक समन्वयक एवं वरिष्ठ शिक्षक ललित कुमार बिजौरा ने किया।

कार्यक्रम में पदमनी ध्रुव, संगीता बंजारे, कौशल्या बारले, राजबती टंडन, चित्ररेखा टंडन, द्रौपदी निषाद, देवकी धृतलहरे, रेवती बारले, रामेश्वरी साहू, शीतल यादव, गायत्री बारले, जानकी निषाद सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## खेत में जोताई कर वापस लौट रहा था किसान, इलाज जारी

# नहर में पलटा ट्रैक्टर, चालक किसान गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

कुकुरमुड़ा-गुमानपुर के मध्य सोमवार शाम ट्रैक्टर के नहर में गिरकर पलटने से एक 32 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे छुईखदान चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय राजनांदगांव रिफर किया गया है।

मिली जानकारी अनुसार गुमानपुर निवासी युवक खेमलाल जंघेल पिता नकुल 32 वर्ष सड़क अतरिया में खेत की जोताई कर सोमवार शाम करीब 4 बजे अपने घर गुमानपुर लौट रहा था। उस वक्त बारिश भी हो रही थी। कुकुरमुडा-गुमानपुर के मध्य नहर पार में पुल के समीप ट्रैक्टर पहुंचा ही था कि वाहन चालक वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर नहर नाली में जाकर पलट गया तथा चालक अंदर ही दब गया।

### नहर पार घटना की प्रमुख वजह, पक्की सड़क नहीं



### घटना का नहर पार बनी वजह

ग्रामीणों ने बताया कि दुर्घटना की मुख्य वजह नहर-नाली का पार है। गुमानपुर गांव जाने के लिए कोई पक्की सड़क नहीं बना है। यहां के लोग मुख्य मार्ग से कुकुरमुड़ा चौक होकर नहर-नाली से अपने गांव आते-जाते हैं। बरसात के दिनों में पार पर वाहन चलाना काफी खतरनाक होता है। जगह-जगह गड्ढे और उबड़-खाबड़ है। ऐसी घटना पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले भी कई वाहन नहर-नाली में गिर चुके हैं। यहां के ग्रामीण लंबे समय से पक्की सड़क की मांग कर रहे हैं, पर मांग आश्वासन तक सिमटकर रह गया है।

### राहगीरों ने बाहर निकाला

मौके से गुजर रहे लोगों ने जैसे-तैसे युवक को बाहर निकलने में मदद किया तथा उसके परिवार को घटना की जानकारी दी। ट्रैक्टर में दबने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे तत्काल छुईखदान चिकित्सालय लाया गया। युवक के सिर, सीने एवं कमर में गंभीर चोंट लगे होने से उसका प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय राजनांदगांव रिफर किया गया है।






## खबर संक्षेप

### 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पिलाई गई पोलियो दवा



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम सोमनापुर, कोलेगांव, धनेली, भगतपुर, पीपरमाटी, कंझेटा, मोहतरा कला, कुण्डा एवं दामापुर क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूल भवनों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाई गई। अभियान के दौरान सुबह से ही बड़ी संख्या में अभिभावक अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर टीकाकरण केंद्रों पर पहुंचे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान को सफल बनाया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष छत्र किशोर सानू तिवारी, श्रीमती सुधा सानू तिवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थें। सभी ने अभिभावकों से अपील की कि 0 से 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे, ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित एवं पोलियो मुक्त भारत का लक्ष्य साकार हो सके।

### वर्षा पर निर्भर किसानों के खेतों में नहीं फूटा अंकुर, दोबारा करेंगे बोनी

# बारिश की बेरुखी से बढ़ी किसानों की चिंता, धान की नर्सरी पर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

खरीफ सीजन की शुरुआत में बारिश का लंबा इंतजार अब किसानों की चिंता का कारण बन गया है। क्षेत्र में उमस और तेज गर्मी के बीच पर्याप्त वर्षा नहीं होने से वर्षा आधारित खेती करने वाले किसानों के खेतों में धान की नर्सरी तैयार नहीं हो पा रही है। यदि जल्द बारिश नहीं हुई तो किसानों को दोबारा बीज खरीदकर बोवनी करनी पड़ सकती है, जिससे खेती की लागत बढ़ने के साथ आर्थिक नुकसान की आशंका भी गहरा गई है।

बरबसपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जिन किसानों के पास बोरवेल अथवा अन्य सिंचाई साधन उपलब्ध हैं, वे किसी तरह धान की नर्सरी बचाए हुए हैं। वहीं अधिकांश किसान बारिश पर निर्भर हैं। खेतों में डाले गए बीज नमी के अभाव में अंकुरित नहीं हो रहे हैं, जबकि पहले से निकले फसल भी मुरझाने लगे हैं। किसानों का कहना है कि बादल गरजते तो हैं, लेकिन बारिश नहीं होने से खेत सूखे पड़े हैं और कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर, बीजाझोरी, डबराभाट, सिंघनपुरी, नाऊडीह, दौजरी, जेवड़न खुर्द, बाझीमौहा, सारंगपुर खुर्द, राम्हेपुर कला, चंदनपुर और हरिनछपरा सहित कई गांवों में किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगले एक-दो दिनों में पर्याप्त वर्षा नहीं हुई तो धान की नर्सरी खराब होने से दोबारा बोवनी करनी पड़ेगी।





### सिंचाई वाले किसान संभाल रहे फसल, बाकी बारिश के भरोसे

क्षेत्र में जिन किसानों के पास बोरवेल और अन्य सिंचाई साधन हैं, वे नर्सरी में पानी देकर फसल बचाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं वर्षा आधारित खेती करने वाले किसानों के सामने सबसे बड़ी चुनौती धान की नर्सरी को सुरक्षित रखना है। किसानों का कहना है कि समय पर अच्छी बारिश ही खरीफ सीजन को बचा सकती है।



# शानदार प्रदर्शन कर कोठार टीम ने जीता फाइनल मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम मोहतरा कला में आयोजित एमपीएल (मोहतरा प्रीमियर लीग) रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल रोमांचक मुकाबला संपन्न हुआ। इस फाइनल मैच के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मोहतरा कला की सरपंच श्रीमती वर्षा निलेश चंद्रवंशी एवं जनपद सदस्य श्रीमती उर्वशी माखन चंद्रवंशी रहीं। फाइनल मुकाबला मैच 12-12 ओवर के कोठार और मोहतरा कला की टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। अंततः कोठार टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच अपने नाम किया, जबकि मेजबान मोहतरा कला की टीम उपविजेता रही।

वहीं विजेता कोठार टीम को सरपंच श्रीमती वर्षा निलेश चंद्रवंशी द्वारा 30,000 नगद एवं शील्ड प्रदान की गई। वहीं उपविजेता मोहतरा कला टीम को जनपद सदस्य श्रीमती उर्वशी माखन चंद्रवंशी द्वारा 15,000 नगद एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार आशीष चंद्रवंशी द्वारा 2,000, बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार नेहा गुड़ उद्योग की ओर से 1,000, बेस्ट बॉलर का पुरस्कार तोमस चंद्रवंशी द्वारा 1,000, मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पहलाद चंद्रवंशी द्वारा 1,000 तथा बेस्ट फील्डर का पुरस्कार सतीश चंद्रवंशी द्वारा 1,000 प्रदान किया गया। एमपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता 14 जून से प्रारंभ हुए इस रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा में कुल 32 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की प्रवेश शुल्क 2,200 निर्धारित थी। पूरे टूर्नामेंट के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण दर्शकों ने उपस्थित होकर मैचों का आनंद लिया। इस सफल आयोजन में ग्राम मोहतरा कला के क्रिकेट खिलाड़ियों एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

# युवा कांग्रेस की हाई परफॉर्मर सूची में तुकाराम व केशरवानी शामिल

- कबीरधाम के दोनों युवा नेताओं को मिली जगह, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए जारी हाई परफॉर्मर सूची में कबीरधाम जिले के युवा नेता तुकाराम चंद्रवंशी और आकाश केशरवानी को शामिल किया गया है। सूची जारी होने के बाद जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं युवाओं में उत्साह का माहौल है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि दोनों युवा नेताओं ने जनहित से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाते हुए संगठन को मजबूत बनाने के साथ भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ सक्रिय भूमिका निभाई है। संगठन के प्रति उनकी सक्रियता, नेतृत्व क्षमता और जमीनी कार्यशैली के आधार पर उन्हें हाई परफॉर्मर सूची में स्थान मिला है।





### युवाओं के लिए प्रेरणा बताया

कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि तुकाराम चंद्रवंशी और आकाश केशरवानी ने युवाओं, किसानों, मजदूरों और आमजन से जुड़े मुद्दों को लगातार प्रमुखता से उठाया है। उनकी यह उपलब्धि जिले के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि दोनों नेताओं के नेतृत्व में युवा कांग्रेस को और मजबूती मिलेगी तथा युवाओं की आवाज को प्रभावी मंच मिलेगा। साथ ही आगामी संगठनात्मक प्रक्रिया के लिए दोनों को शुभकामनाएं भी दी गईं।

# रेंगाबोड़ के लालूवा मार्ग पर 1 किमी सड़क निर्माण, खराब सड़क पर मुरूम-गिट्टी डालकर आवागमन सुगम किया

- सरपंच ने अपने खर्च से बनवाई ग्रामीण सड़क, जर्जर पीएमजीएसवाई मार्ग की भी कराई मरम्मत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

पंडरिया विकासखंड की ग्राम पंचायत रेंगाबोड़ के सरपंच बीरेंद्र चंद्राकर ने जनसुविधा को प्राथमिकता देते हुए अपने निजी खर्च से ग्रामीण सड़क का निर्माण एवं जर्जर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की मरम्मत कराई है। उनके इस प्रयास से ग्रामीणों, किसानों और विद्यार्थियों को आवागमन में राहत मिली है। जानकारी के अनुसार रेंगाबोड़ गांव से खेतों की ओर जाने वाले लालूवा मार्ग पर करीब एक किलोमीटर सड़क का निर्माण मिट्टी एवं मुरूम डालकर कराया गया।

वहीं कुण्डा से महली तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क का रेंगाबोड़ के पास लगभग आधा किलोमीटर हिस्सा लंबे समय से गड्ढों में तब्दील हो चुका था। खराब सड़क के कारण कई लोग दुर्घटना का शिकार भी हो चुके थे। ग्रामीणों द्वारा कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग से सड़क मरम्मत की मांग की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद सरपंच बीरेंद्र चंद्राकर ने स्वयं पहल करते हुए सड़क पर मुरूम, गिट्टी और डस्ट डलवाकर मरम्मत कार्य कराया, जिससे मार्ग पर आवागमन फिर से सुगम हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण और मरम्मत से किसानों को खेती-किसानी के कार्यों के साथ-साथ विद्यार्थियों एवं क्षेत्रवासियों को भी आवागमन में सुविधा मिलेगी। क्षेत्र के लोगों ने सरपंच की इस पहल की सराहना की।



### जनता की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकताः बीरेंद्र चंद्राकर

सरपंच बीरेंद्र चंद्राकर ने कहा कि ग्रामवासियों ने उन्हें विकास और जनसेवा के उद्देश्य से चुना है। उनका प्रयास है कि गांव में सड़क, पेयजल, नाली सहित सभी मूलभूत सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए अपने निजी व्यय से सड़क निर्माण एवं मरम्मत का कार्य कराया गया है और भविष्य में भी जनहित के कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे।

# कोलेगांव में मनाया सहकारिता सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव के सहकारी सोसायटी में सोमवार को सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसमें सेवा समिति अध्यक्ष रामाधार शर्मा द्वारा तिरंगा झंडा फहराया गया यह सहकारिता सप्ताह मंत्रालय की स्थापना के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 29 जून से 6 जुलाई तक जिले में सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिस पर सोमवार को ग्राम कोलेगांव के सोसायटियों में सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष रामाधार शर्मा, समिति प्रबंधन दीपचंद चंद्राकर, पप्पू शर्मा, डॉ संतोष साहू, परमेश्वर साहू, ईश्वर सिंह चौहान सहित भाजपा के कार्यकर्ता एवं किसान सहकारिता सप्ताह मनाया गया। तत्पश्चात विभिन्न विषयों पर परिचर्चा किया गया, जिसमें संपूर्ण स्वच्छता अभियान, पौधरोपण एवं किसान के लिए खाद-बीज की उपलब्धता के बारे में विशेष चर्चा किया गया।



# राजीव भवन छिरहा में ध्वज वंदन कार्यक्रम आयोजित

- राष्ट्र निर्माण में संगठन की भूमिका को किया याद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कांग्रेस सेवादल की परंपरा के अनुसार माह के अंतिम रविवार को राजीव भवन छिरहा में ध्वज वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ध्वज वंदन कर राष्ट्र निर्माण और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस सेवादल की स्थापना देश में अनुशासित और समर्पित कार्यकर्ताओं के निर्माण के उद्देश्य से की गई थी। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर राष्ट्र निर्माण तक संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आज भी सेवादल सेवा, अनुशासन और राष्ट्रहित की भावना के साथ कार्य कर रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मणिकांत आनंद सिंह तथा युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रभान कोसले उपस्थित थे। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष पदुम सेन, कांग्रेस सेवादल के अतिरिक्त जिला अध्यक्ष भागीराम साहू एवं राजजीवन धुर्वे, जिला महासचिव (संगठन प्रभारी) युनेश कौशिक, जिला महासचिव राजेंद्र डिंडोरे, जिला ध्वजवाहक रामानुज श्रीवास, मीडिया प्रभारी अफजल सहित बड़ी संख्या में सेवादल कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### 102 वर्ष पुरानी है सेवादल की परंपरा

वक्ताओं ने बताया कि कांग्रेस सेवादल की स्थापना स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अनुशासित स्वयंसेवकों के निर्माण के उद्देश्य से की गई थी। संगठन ने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया और स्वतंत्रता के बाद भी राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। इसी परंपरा के तहत प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को ध्वज वंदन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।




### सीसी सड़क और नाली नहीं होने से आवागमन प्रभावित

# जलभराव से चंदनपुर की गलियां बनी दलदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला के आश्रित ग्राम चंदनपुर में बारिश के बाद गलियों में जलभराव की समस्या गंभीर हो गई है। गांव की कई गलियां पानी से लबालब भरे होने के कारण टापू जैसी स्थिति बन गई है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने गांव में गौरव पथ योजना के तहत सीसी सड़क और नाली निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गलियों में घरों का गंदा पानी जमा होने से बदबू फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी बनी हुई है। रात के समय जलभराव के कारण जहरीले जीव-जंतुओं का भी खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव की भी मांग की है।



ग्रामीणों का कहना है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा गांव का नाम चंडालपुर से बदलकर चंदनपुर किया गया है। अब ग्रामीण रहवासी चाहते हैं कि गांव की आधारभूत सुविधाओं का भी विकास हो। इसके लिए गौरव पथ योजना के तहत स्वीकृति प्रदान कर सभी वार्डों और गलियों में सीसी सड़क एवं नाली का निर्माण कराया जाए। ग्रामीणों का मानना है कि यदि गौरव पथ योजना के तहत एकमुश्त राशि स्वीकृत हो जाती है, तो पूरे गांव की तस्वीर बदल सकती है और वर्षों से चली आ रही जलभराव व आवागमन की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।



## खबर संक्षेप



### विश्वासा बाई के पूरे हुए सुरक्षित आवास के सपने

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुसार संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सेन्हाभाठा की निवासी श्रीमती विश्वासा बाई के जीवन में बदलाव की नई शुरुआत की। आवास प्लस सर्वे के माध्यम से पात्रता मिलने के बाद वर्ष 2025-26 में उनके आवास को स्वीकृति मिली। शासन से प्राप्त सहायता और प्रशासन के मार्गदर्शन से उन्होंने अपने पक्के घर का निर्माण शुरू किया और वर्षों का सपना साकार हो गया। आज विश्वासा बाई अपने नए पक्के घर में परिवार के साथ सुरक्षित और सम्मानपूर्वक जीवन जी रही हैं। अब उन्हें बारिश, आंधी और मौसम की चिंता नहीं सताती। मजबूत और सुरक्षित आवास ने उनके परिवार को नया आत्मविश्वास और स्थिरता प्रदान की है।

### हेमचंद विवि में प्रवेश परीक्षा, आवेदन शुरू

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद यादव विवि दुर्ग के अध्ययनशाला (यूटीडी) में विभिन्न पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी। इसमें पाठ्यक्रम एमएससी गणित, भौतिकी, रसायनशास्त्र, वनस्पतिविज्ञान, प्राणीविज्ञान शामिल है। ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गया है, जिसकी अंतिम तारीख 30 जून है।

### प्री-बीएड परीक्षा का मॉडल उत्तर जारी

**कवर्धा।** प्री-बीएड परीक्षा का मॉडल उत्तर व्यापमं की वेबसाइट पर 28 जून को प्रदर्शित किया गया है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर मॉडल उत्तर देख सकते हैं। उत्तरों पर सप्रमाण दावा-आपत्ति 30 जून

# बस कंडक्टर की मौत, पीड़ित परिवार ने लगाए लापरवाही के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

बीते रविवार को छत्तीसगढ़ ट्रैवल्स की बस में ड्यूटी के दौरान एक कंडक्टर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मृतक के परिजनों ने बस चालक, बस मालिक और स्थानीय पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और मुआवजे की मांग की है।

मृतक के छोटे भाई उमेश राव के अनुसार, उनके बड़े भाई लक्ष्मी राव छत्तीसगढ़ ट्रैवल्स की बस क्रमांक सीजी 09 जी 5470 में कंडक्टर के पद पर कार्यरत थे। मृतक के भाई ने बताया कि रविवार की सुबह लगभग 10.00 से 10.30 बजे के बीच जब बस पांडातराई बस स्टॉप पर रुकी हुई थी उसी समय कंडक्टर लक्ष्मी राव बस से साइकिल उतार रहे थे, तभी चालक ने अचानक बस आगे बढ़ा दी, जिसके कारण लक्ष्मी राव साइकिल सहित नीचे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें पहले पांडातराई स्थित आशीर्वाद अस्पताल ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चंद्रायन हॉस्पिटल रेफर किया गया। परिजनों का कहना है कि अस्पताल पहुंचने पर उन्हें पता चला कि लक्ष्मी राव की मृत्यु हो चुकी है।

परिजनों ने आरोप लगाया है कि घटना के बाद बस चालक और बस मालिक ने उन्हें तत्काल सूचना नहीं दी। उनका कहना है कि दोपहर करीब 1.20 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति से घटना की जानकारी मिली। इसके बाद जब उन्होंने बस मालिक से फोन पर संपर्क किया तो उन्हें बताया गया कि मरीज का इलाज चल रहा है और उसका एमआरआई कराया जा रहा है। लेकिन अस्पताल पहुंचने पर उन्होंने लक्ष्मी राव को मृत पाया। परिजनों का आरोप है कि इसके बाद भी बस मालिक ने कुछ समय तक यह कहकर उन्हें गुमराह किया कि उनके भाई का इलाज जारी है। परिवार का यह भी आरोप है कि सुबह हुई घटना की सूचना न तो बस मालिक, न चालक और न ही स्थानीय पुलिस द्वारा समय पर दी गई। इसके बाद रात लगभग 11.20 बजे परिजन पांडातराई थाना पहुंचे और एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच की मांग की, लेकिन उनके अनुसार थाना प्रभारी ने तत्काल कोई लिखित कार्रवाई या सुनवाई नहीं की।

## शव को नेशनल हाईवे पर रखकर किया चक्काजाम व प्रदर्शन



मृतक के परिजनो ने इस घटना के बाद सोमवार को बस मालिक, बस चालक और पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए पाण्डातराई मुख्य मार्ग में मृतक का शव रखकर चक्काजाम कर दिया। पीड़ित परिवार की मांग है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए तथा मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा और न्याय दिलाया जाए। इन मांगों को लेकर करीब दो घंटे तक किए गए चक्काजाम व प्रदर्शन के बाद प्रशासन की समझाईश व आश्वासन के बाद चक्काजाम व प्रदर्शन समाप्त किया गया। इस बीच पाण्डातराई-कवर्धा मार्ग का आवागमन अवरूद्ध रहा और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**हादसा:** तेज रफ्तार को माना जा रहा हादसे का प्राथमिक कारण

# तेज रफ्तार कारों की भिड़ंत, एक की मौत, वाहन सवार पांच घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/कुई-कुकदुर

जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लोखान के पास सोमवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दो कारों के बीच हुई आमने-सामने की जोरदार टक्कर इतनी भयावह थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर घायलों को वाहनों से बाहर निकाला तथा पुलिस को सूचना दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, तखतपुर के समीप स्थित दशरंगपुर निवासी एक परिवार अपनी कार से कुई गांव जा रहा था। कार में पति-पत्नी और उनका बेटा सवार थे। इसी दौरान कुकदूर थाना क्षेत्र के ग्राम लोखान के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रही दूसरी कार से उनकी आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। दुर्घटना के बाद एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में दूसरी कार के चालक पुनाराम विश्वकर्मा, निवासी बिरकोना, की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दोनों वाहनों में सवार पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कुकदूर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुकदूर पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार कुछ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें आवश्यकता पड़ने पर जिला अस्पताल रेफर किया जा सकता है।





## मर्ग कायम कर घायलों को पहुंचाया गया अस्पताल

पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंपा जाएगा। वहीं दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात सुचारु कराया गया। प्राथमिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और आमने-सामने की टक्कर माना जा रहा है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें तथा निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं, ताकि इस प्रकार की दुखद दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# नगर में सहकारिता सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

सहकारी सप्ताह के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की सभी प्राथमिक कृषि ऋण समितियों, डेयरी एवं अन्य सहकारी संस्थाओं में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में सोमवार को पांडातराई स्थित सेवा सहकारी समिति परिसर में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष अजय गिरी गोस्वामी ने ध्वजारोहण कर सहकारी सप्ताह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा शासन की विभिन्न सहकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का संकल्प लिया गया। सहकारी सप्ताह के दौरान किसानों, ग्रामीणों एवं समिति के सदस्यों को सहकारिता आंदोलन से जोड़ने, शासकीय योजनाओं की जानकारी देने तथा सहकारी संस्थाओं की भूमिका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

ध्वजारोहण कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, रामू पाण्डेय, शिव सहाय गुप्ता, समिति के कर्मचारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने सहकारिता के माध्यम से किसानों एवं ग्रामीणों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

सहकारी सप्ताह के तहत आगामी दिनों में भी विभिन्न गतिविधियों, जनजागरूकता अभियानों एवं योजनाओं के प्रचार-प्रसार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग सहकारिता की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

# तीन मांगों को लेकर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना आज से

- जिलेभर के किसानो द्वारा निकाली जाएगी ट्रैक्टर रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय किसान संघ एवं छत्तीसगढ़ समृद्ध किसान संघ के संयुक्त बैनर तले किसानों की विभिन्न समस्याओं और तीन प्रमुख मांगों को लेकर 30 जून 2026 को दोपहर 1 बजे से ग्राम पलानसरी मोड़ पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन एवं ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया जाएगा।

दोनों किसान संगठनों ने किसानों से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की है। भारतीय किसान संघ जिला कबीरधाम के जिला प्रचार प्रमुख दिनेश चंद्रवंशी ने बताया कि जिले के किसानों को लंबे समय से कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन अब तक उनका समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना द्वारा किसानों से खरीदे गए गन्ने का 6 माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया है। किसानों का मूल भुगतान एवं रिकवरी राशि मिलाकर 30 करोड़ रुपये से अधिक की राशि बकाया है।

ऐसे समय में जब खरीफ सीजन शुरू हो चुका है और धान की बुवाई-रोपाई का कार्य चल रहा है, किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सेवा सहकारी समितियों में डीएपी, यूरिया और पोटाश जैसे आवश्यक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है। दूसरी ओर निजी विक्रेताओं के पास खाद उपलब्ध होने के बावजूद किसानों को अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। आरोप है कि एमआरपी से 600 से 700 रुपये प्रति बोरी अधिक दर पर खाद बेची जा रही है, जबकि कृषि विभाग और जनप्रतिनिधि इस स्थिति पर प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। किसान संगठनों ने कृषक उन्नति योजना में अन्य फसलों की तरह गन्ना फसल को भी शामिल करने की मांग की है। उनका कहना है कि धान उत्पादक किसानों की तरह गन्ना उत्पादकों को भी प्रति एकड़ 15 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जानी चाहिए, ताकि गन्ना किसानों को आर्थिक राहत मिल सके। इन मांगों के समर्थन में 30 जून को ग्राम पलानसरी मोड़ पर दोपहर 1 बजे से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

इसके साथ ही ट्रैक्टर रैली निकालकर किसानों की समस्याओं और मांगों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा। किसान संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आए ग्रामीण की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में मानसून की सक्रियता के साथ ही आकाशीय बिजली का खतरा बढ़ गया है। इसी खतरे के बीच बीते रविवार को जिले में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कृषक रामजी पटेल आयु 46 वर्ष, निवासी ग्राम पंचायत रौचन शुक्रवार को अपने खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान अचानक तेज बारिश शुरू होने पर वह बरको बांध के पास एक आम के पेड़ के नीचे रुक गए। बताया जा रहा है कि इसी दौरान आकाशीय बिजली पेड़ पर गिरी, जिसकी चपेट में आने से किसान की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है आगे की कार्यवाही जारी है।

# भाजपा की डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर मंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित

- बोड़ला में कार्यकर्ताओं को दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन को तकनीकी रूप से अधिक सशक्त, प्रशिक्षित एवं आधुनिक बनाने के उद्देश्य से बोड़ला मंडल में भाजपा के डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म (डीएलपी) पर मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से संगठनात्मक प्रशिक्षण, वैचारिक अध्ययन, सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला में प्रदेश प्रवक्ता एवं मंडल प्रभारी जसविंदर बग्गा ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में तकनीक का प्रभावी उपयोग संगठन की मजबूती के लिए आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी देश की पहली ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जिसने अपने कार्यकर्ताओं के सतत प्रशिक्षण और वैचारिक विकास के लिए डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म जैसी अभिनव व्यवस्था विकसित की है। उन्होंने कहा कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से कार्यकर्ता किसी भी समय और किसी भी स्थान से संगठन की विचारधारा, नीतियों, कार्यक्रमों तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रामाणिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इससे कार्यकर्ताओं का ज्ञानवर्धन होने के साथ-साथ संगठनात्मक कार्यों में उनकी दक्षता भी बढ़ेगी।

प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को पोर्टल पर पंजीयन, लॉगिन प्रक्रिया, उपलब्ध पाठ्यक्रमों का अध्ययन, ऑनलाइन मूल्यांकन तथा प्रमाणपत्र प्राप्त करने की संपूर्ण प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

साथ ही अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म से जोडने और नियमित अध्ययन करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम संगठन को अधिक सक्षम, अनुशासित, प्रशिक्षित एवं तकनीक-संपन्न बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यशाला में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**विधायक के प्रयासों व निर्देश से वर्षों बाद किसानों को मिलेगा सिंचाई का लाभ**

# घोघरा डायवर्सन मुख्य नहर एवं माइनर नहर की सफाई पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

पंडरिया विधायक भावना बोहरा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में घोघरा डायवर्सन मुख्य नहर तथा उससे जुड़ी माइनर नहरों की सफाई का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इस कार्य से क्षेत्र के सैकड़ों किसानों में खुशी का माहौल है, क्योंकि अब वर्षों से गाद से भरी नहरों में सिंचाई का पानी सुचारु रूप से गांवों के खेतों तक पहुंच सकेगा।

विशेष रूप से मड़मड़ा चारभाठा कला दंशरगपुर चारभाठा खुर्द डोंगरिया कला पलानसरी सराईपतेरा माइनर नहर, जो पिछले लगभग पाँच वर्षों से गाद एवं अवरोधों के कारण अपनी उपयोगिता खो चुकी थी, उसकी व्यापक सफाई कराई गई है। लंबे समय से किसानों की यह प्रमुख मांग थी कि नहर की सफाई कर सिंचाई व्यवस्था को पुनः सुचारु बनाया जाए। अब नहर की सफाई पूर्ण होने से धान की फसल के लिए समय पर पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध हो सकेगा, जिससे किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

इस महत्वपूर्ण जनहितैषी कार्य को जनपद सदस्य रानी मिथलेश चन्द्रवंशी ने स्वयं कई दिनों तक मौके पर उपस्थित रहकर, लगातार निगरानी करते हुए पूर्ण कराया। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जनपद सदस्य रानी मिथलेश चन्द्रवंशी ने कहा कि क्षेत्र के किसानों की सुविधा और उनकी सिंचाई संबंधी समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## किसानो ने क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा का जताया आभार



क्षेत्र के किसानो ने विधायक भावना बोहरा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सतत मार्गदर्शन एवं किसानों के हितों के प्रति संवेदनशील नेतृत्व के कारण यह लंबे समय से लंबित कार्य संभव हो सका। जिससे क्षेत्र के हजारों किसान भाईयों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होंगी। क्षेत्र के किसानों ने भी नहर सफाई कार्य पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक भावना बोहरा एवं जनपद सदस्य रानी मिथलेश चन्द्रवंशी का आभार जताया। किसानों का कहना है कि समय पर सिंचाई का पानी मिलने से इस वर्ष धान की फसल बेहतर होगी और उन्हें इसका सीधा लाभ मिलेगा। जनप्रतिनिधियों की इस पहल को ग्रामीणों ने किसान हित में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम बताया।

# ग्राम सिल्हाटी में नौनिहालों को पिलाई गई पोलियो दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिल्हाटी

राष्ट्रव्यापी पल्स पोलियो अभियान के तहत विकासखंड सहसपुर लोहारा के सभी ग्रामों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया गया।

अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, मितानिन दीदियां एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ मैदान में उतरे और 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद जिंदगी की खुराक पिलाई।

सिल्हाटी बस स्टैंड स्थित पोलियो बूथ का शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार हनुमान यादव द्वारा एक नन्हे बालक को पोलियो ड्रॉप की दो बूंद पिलाकर किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने अभिभावकों से अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक पिलाने की अपील की तथा बताया कि पोलियो मुक्त भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है।

इस अवसर पर टीम के सदस्य अन्नू झारिया, मंजू सोनी, कोटवार संजय माणिकपुरी, ओंकार दास मानिकपुरी, सौरभ द्विवेदी, लेखराम साहू, जयराम पटेल ब्राह्मण टोला, दिलीप साहू, कान्हा गुप्ता, राजकुमार देवांगन, राज यादव, तुंगजध्वज, संतोषी द्विवेदी, रमेश सेन, गौरधन यादव एवं संतराम पटेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अभियान के दौरान क्षेत्र के सभी ग्रामों में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई तथा छूटे हुए बच्चों तक भी स्वास्थ्य अमले ने पहुंचकर टीकाकरण सुनिश्चित किया।